(96)

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0

दिनांक–..... को सम्पन्न उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

कार्य प्रमण्डल कटिहार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के अन्तर्गत **अररिया जिलान्तर्गत चाँदनी चौक से अजमतपुर जाने वाली पथ में परमान नदी पर (8x24.00M) आकार के उच्चस्तरीय आर.सी.सी. पुल एवं पहुँच पथ निर्माण कार्य** के निविदा की तकनीकी बीड जिस पर तकनीकी मूल्यांकन समिति से अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः–

(i) प्रबंध निदेशक, बि.रा.पु.नि.नि.लि., पटना।
(ii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–2, बि.रा.पु.नि.नि.लि., पटना।
(iii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–1, बि.रा.पु.नि.नि.लि., पटना।

2. वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल कटिहार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के पत्रांक–595 (अनु0) दिनांक–18.04.2026 के माध्यम से तकनीकी बीड की तुलनात्मक विवरणी (पृ0–09–11/प0) अनुशंसा कर अंचलीय कार्यालय को समर्पित किया गया है। समर्पित तुलनात्मक विवरणी के आधार पर अंकित विवरणी निम्नवत् हैः–

2.1	कार्य का नाम	:–अररिया जिलान्तर्गत चाँदनी चौक से अजमतपुर जाने वाली पथ में परमान नदी पर (8x24.00M) आकार के उच्चस्तरीय आर.सी.सी. पुल एवं पहुँच पथ निर्माण कार्य।
2.2	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:–वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल कटिहार
2.3	निविदा संख्या एवं तिथि	:–396 दिनांक–10.03.2026 (पृ0–03–08/प0)
2.4	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारणः	:–पुनर्निविदा है (माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका की सुनवाई लंबित है)।
2.5	निविदा के अनुमानित लागत	:– रू0 2665.14 लाख़ (पृ0–08/प0)
2.6	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:–रू0–3341.03 लाख मात्र (पथ निर्माण विभाग का ज्ञापांक–5485(S) दिनांक–11.11.2024, पृ0–01–02/प0)
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:– 18 (अठारह) माह (पृ0–08/प0)
2.8	निविदा की प्रक्रिया	:– ई–टेंडरिंग (SBD)
2.9	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	:– 04.04.2026 (पृ0–08/प0)
2.10	प्राप्त निविदाकारों की संख्या	:– 07 (सात) अदद यथाः– (1) Dilip Kumar Saha, Jalpaiguri, (W.B) (2) Naraindas Construction Pvt. Ltd., M.P. (3) Brajendra Kumar Builders Pvt. Ltd., Patna (4) M/s JM Enterprises Infra Pvt. Ltd., Patna (5) Tirupati Balaji Earth Work Pvt. Ltd., Patna (6) M/s Sanjay Contruction Co., Patna (7) M/s Shiv Kishor Construction Pvt. Ltd., Darbhanga
2.11	तकनीकी बीड की जाँच	:–तकनीकी मूल्यांकन समिति स्तर से जाँच की गई तुलनात्मक विवरणी संलग्न (पृ0–93–94/प0)।
2.12	तकनीकी मूल्यांकन समिति का निर्णय	:–विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में कुल 07 (सात) निविदाकारों ने भाग लिया। तकनीकी बीड मूल्यांकन में संवदेक (1) Dilip Kumar Saha, Jalpaiguri, W.B. द्वारा निविदा में माँगी गई वांछित कागजात Registration and Experience of work done quantity की मात्रा को पूर्ण नही करने एवं (2) Brajendra Kumar Builders Pvt. Ltd., Patna द्वारा निविदा में माँगी गई वांछित कागजात Experience of work done quantity (Non-Bituminous Work) की मात्रा को पूर्ण नही करने के

8/H 17.02.26.

कारण इन्हें SBD की कंडिका–ITB CL.4.5(A)(C) के तहत Non-Responsive तथा (3) M/S Sanjay Construction Co., Patna के द्वारा निविदा में माँगी गई वांछित कागजात Earnest Money के रूप में Online Or BG के स्थान पर D.D जमा करने के कारण इन्हें Non-Responsive घोषित तथा शेष 04 (चार) निविदाकारों यथा–(1) Naraindas Construction Pvt. Ltd., M.P (2) M/s JM Enterprises Infra Pvt. Ltd., Patna (3) Tirupati Balaji Eath Work Pvt. Ltd, Patna and (4) M/s Shiv Kishor Construction Pvt. Ltd., Darbhanga द्वारा निविदा की सभी आर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप Responsive घोषित करने की अनुशंसा की गयी है। वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल, कटिहार के द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र एवं BG सभी सफल संवेदकों का सत्यापित प्रति समर्पित है, जो सत्य एवं सही है। तदालोक में विषयांकित योजना के तकनीकी बीड अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की गई है।

उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय

विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में 07 (सात) निविदाकारों ने भाग लिया। तकनीकी बीड मूल्यांकन में सफल 04 (चार) निविदाकारों द्वारा निविदा की सभी आर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप Responsive घोषित यथा :–

(1) Naraindas Construction Pvt. Ltd., M.P.
(2) M/s JM Enterprises Infra Pvt. Ltd., Patna
(3) Tirupati Balaji Earth Work Pvt. Ltd., Patna
(4) M/s Shiv Kishor Construction Pvt. Ltd., Darbhanga

उपरोक्त सफल 04 (चार) निविदादाताओं को निविदा की सभी आर्हत्ता को पूर्ण एवं सभी सफल संवेदकों का अनुभव प्रमाण पत्र एवं अग्रधन की राशि का सत्यापित प्रति वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल कटिहार द्वारा समर्पित किया गया है, के आधार पर इन्हें तकनीकी बीड में सफल। चुँकि निदेशक पर्षद की बैठक संख्या– 248/15 दिनांक–06.07.2022 की कारवाई में दिये गये निदेश के अनुपालन में उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उपरोक्त कार्य के तकनीकी बीड को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम Website पर 3 (तीन) दिनों तक रखा जाय एवं यदि दिनांक 30.05.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पुनः समीक्षा हेतु बैठक आहूत की जाएगी। यदि किसी भी निविदाकारों के अनुभव प्रमाण पत्र/कागजात में विसंगति या गलत पाया जाता है, तो उनके निविदा को अमान्य करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक विधि सम्मत कारवाई की जायेगी।

विषयगत कार्य का निविदा की अनुमानित लागत रू0–2665.14 लाख है, जो रू0–1500.00 लाख से अधिक है, इसलिए विषयांकित योजना का वित्तीय बीड का अनुमोदन निदेशक पर्षद के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित किया जायेगा।

19.05.26
उप मुख्य अभियंता,
कार्य अंचल–2
बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना।
19/05/2026

19/05/2026
उप मुख्य अभियंता,
कार्य अंचल–1
बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना।

19.5.26
प्रबंध निदेशक,
बि०रा०पु०नि०नि०लि०,
पटना।
19/05/26